दिनांक : 21.03.2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर चर्चा करते हुए कहा– बातचीत से ही संभव है समाधान।
- सरकार ने कहा– पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं, एलपीजी के 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा– मध्यप्रदेष में_निवेश की अपार संभावनाएं।

और

- प्रदेश के मौसम में आया बदलाव, कई जिलों में ओले–बारिष से फसलें तबाह।

............

मोदी–ईरान राष्ट्रपति

पश्चिम एशिया में जारी भीषण सैन्य संघर्ष के 22वें दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने उन्हें ईद और नवरोज की शुभकामनाएं देते हुए इस क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि की उम्मीद जताई। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री रास्तों (नेविगेशन) को सुरक्षित और खुला रखने की आवश्यकता पर बल दिया। पीएम मोदी ने ईरान में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति का आभार भी व्यक्त किया। 28 मार्च से जारी तनाव के बीच पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि समाधान केवल बातचीत से ही संभव है, ताकि दुनिया को संभावित ईंधन संकट से बचाया जा सके।

राष्ट्रपति – मथुरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश दौरे के तीसरे और अंतिम दिन आज मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने पारंपरिक गोवर्धन परिक्रमा भी की। इससे पहले राष्ट्रपति ने गुरुवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने वृंदावन के इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में पूजा–अर्चना की। राष्ट्रपति ने कल रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में कैंसर के निदान और उपचार के लिए विशेष ब्लॉक का भी उद्‌घाटन किया।

सरकार–एलपीजी

सरकार ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि देष में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इस बीच, सरकार ने आज राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें पीएनजी विस्तार के लिए सुगम सुधारों पर आधारित 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। यह अतिरिक्त आवंटन रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, सब्सिडी वाली कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा।

प्रदेष में ईद

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित अन्य जिलों में सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज संपन्न हुई। भोपाल की ताजुल मस्जिद, जबलपुर स्थित रानीताल ईदगाह में मुख्य आयोजन हुआ। सीहोर, नर्मदापुरम, नीमच, सतना, बड़वानी, देवास शहडोल, में भी ईद का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं, इस पर्व के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण प्रदेश में पुलिस प्रशासन पूर्णतः सतर्क दिखाई दिया। इसके चलते यह पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है।

जल शक्ति . जल दिवस

**जल शक्ति मंत्रालय 23 मार्च को नई दिल्ली में विश्व जल दिवस सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटील और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंत्रालय ने बताया कि जल के लिए उद्योग विषय पर आधारित यह सम्मेलन सतत जल प्रबंधन के लिए संवादए नवाचार और सहयोग हेतु राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के सात सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।**

मुख्यमंत्री इन्वेस्ट मप्र

''मध्यप्रदेश और राजस्थान जुड़वां भाइयों की तरह हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दोनों राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।'' यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजस्थान के जयपुर में आयोजित ''इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश'' सत्र के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य अपनी अनुकूल नीतियों, मजबूत अधोसंरचना और कुशल मानव संसाधन के साथ एक आदर्श गंतव्य बनकर उभर रहा है।

उन्होंने प्रदेश में मौजूद निवेश की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया और भरोसा दिलाया कि औद्योगिक विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के निवेशकों को मध्यप्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ना था।

मौसम अपडेट

प्रदेश के मौसम में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटों के दौरान भोपाल, शहडोल, जबलपुर और ग्वालियर–चंबल सहित रीवा–सागर संभाग के कई जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश हुई। राजधानी भोपाल सहित कई जिलों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। विशेष रूप से शिवपुरी, रायसेन, विदिशा और सागर सहित करीब 10 जिलों में ओलावृष्टि ने ठंडक बढ़ा दी है। कटनी जिला 11.3°डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। आज करीब 30 जिलों में मौसम शुष्क बना हुआ है, आने वाले दिनों में सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना और मैहर में हल्की बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

बेमौसम बारिश–नुकसान

प्रदेश के कई जिलों में कल रात हुए मौसम परिवर्तन ने अन्नदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। राज्य के कई जिलों में बारिष और ओलों से फसलें खराब हो गई हैं। गेहूं के दाने सफेद पड़ गए हैं, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित भाव मिलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। छतरपुर जिले के बिजावर, नौगांव और बड़ा मलहरा तहसील क्षेत्रों के खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, खंडवा और सीहोर में, गेहूं, चना और सरसों की फसलें खेतों में बिछ गई हैं, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका है। इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री और विदिषा सांसद शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर फसल क्षति का अविलंब और सटीक आकलन सुनिश्चित करें ताकि पीड़ित किसानों को समय पर राहत राशि वितरित की जा सके।

नौसेना

भारतीय नौसेना 3 अप्रैल को अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी–F41' को बेड़े में शामिल करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में होने वाले इस समारोह के साथ ही भारत की समुद्री शक्ति और सुदृढ़ होगी। 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री से निर्मित यह युद्धपोत MSMEs की घरेलू क्षमताओं का प्रतीक है। अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक के कारण यह रडार की पकड़ में आसानी से नहीं आता। डीजल और गैस दोनों से संचालित होने वाला यह पोत सुपरसोनिक मिसाइलों और पनडुब्बी रोधी प्रणाली से लैस है, जो इसे बहुउद्देशीय समुद्री अभियानों के लिए बेहद घातक बनाता है।

समाचार संक्षेप में...

- मैहर में सूर्य उपासना पर्व आध्यात्मिक गूँज के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान एकलव्य विद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक नाटक का मंचन किया गया।
- आगरमालवा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 मार्च को आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित होगा।
- मैहर में चौत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां शारदा देवी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।
- बैतूल में पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में बैतूल जिला प्रदेश में अव्वल रहा है। जिले ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक की उपलब्धि हासिल कर 31,342 पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित किया है।
- खंडवा जिले में पेट्रोल, डीजल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।
- शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने मंगलम वृद्धाश्रम में विधायक निधि के 10 लाख रुपये से बनने वाले अतिरिक्त हॉल का भूमिपूजन किया।

- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर जिले में बिजली विभाग द्वारा 50 हजार से डेढ़ लाख रुपए बिजली बिल बकाया होने पर 10 बाइक कुर्क की गईं हैं।
- छतरपुर के संदीपनि विद्यालयों में केजी–1 से कक्षा–1 तक की प्रवेश प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू होगी, जिसके लिए फॉर्म 31 मार्च तक जमा किए जा सकेंगे।
- एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने हेतु सतना और मैहर में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।
- नीमच में अवैध खनन पर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने कार्रवाई करते हुए वाहन मालिक और चालक पर 9 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

नमस्कार।

....................................